# 25 लोकसभा सीटों पर 3.28 लाख मतदानकर्मी व 1.59 लाख सुरक्षाकर्मियों ने संपन्न कराया चुनाव

## निर्वाचन विभाग ने 27140 मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग से रखी प्रदेश के 25 लोकसभा सीटों के चुनाव पर निगरानी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। कुल 266 प्रत्याशियों का राजनैतिक भविष्य अब मतपेटियों में बंद है। चुनाव के नतीजे 4 जून को मतगणना पर सामने आएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 25 सीटों पर 3.28 लाख मतदानकर्मी व 1.59 लाख सुरक्षाकर्मियों ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया है।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर में 53128 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले गए। इसमें से 27 हजार 140 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग करवाई गई। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में 14 हजार 460 बूथों की मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की गई। रिटर्निंग अधिकारी, जिला एवं राज्य स्तर पर और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की गई। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में केन्द्रीय पुलिस बल और माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैम्प, पीने के पानी, छाया, व्हीलचेयर और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वाहन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गईं। साथ ही, मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों पर वॉलन्टियर्स भी तैनात किए गए। प्रदेशभर में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए 30 हजार 591 पोलिंग बूथ लोकेशन पर 31 हजार 242 व्हीलचेयर उपलब्ध रही और एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के एक लाख से अधिक वॉलन्टियर तैनात रहे।



**अजमेर लोकसभा क्षेत्र के दूदू स्थित ग्रामीण मतदान केन्द्रों पर वोट डालने पहुंचे लोगों की जल समस्या भी सामने आयी। यहां सरकारी स्कूल में वोट डालने पहुंचे ग्रामीण पानी के मटके लेकर पहुंचे। इनके चेहरे पर जितना उत्साह वोट डालने को लेकर था, उससे ज्यादा पेयजल समस्या को लेकर चिंता भी थी।**

फोटो-राष्ट्रदूत

गुप्ता ने बताया कि 85 वर्ष एवं अधिक आयु के वृद्धजन और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए आयोग की ओर से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। प्रदेश में रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 73 हजार 799 वोटर्स द्वारा मतदान किया जा चुका है। इनमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रदेश में 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से मतदान नहीं कर सके। होम वोटिंग के तहत प्रथम चरण 98.30 प्रतिशत और द्वितीय चरण में 97.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 2 लाख 24 हजार 789 मत डाले गए। पोस्टल बैलेट और ईडीसी की सुविधा का चयन करने वाले कुल कार्मिकों में से 94 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।

भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर लोकतंत्र के उत्सव में युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगों की भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दोनों चरणों के मतदान के दौरान कुल 3400 विशेष मतदान केंद्र बनाए गए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4-4 बूथ महिलाओं और युवाओं तथा एक बूथ दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किया गया। इस प्रकार 1600-1600 बूथ महिलाओं और युवाओं द्वारा तथा 200 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए गए।

- **प्रदेश के 266 लोकसभा प्रत्याशियों का भविष्य मतपेटियों में बंद, सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को होगी**
- **होम वोटिंग के तहत राजस्थान में रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत मतदान हुआ, 2.24 लाख कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से वोट डाले**
- **सभी आयु वर्ग के मतदाताओं में दिखा सेल्फी का क्रेज, निर्वाचन विभाग ने 32 हजार 604 सर्टिफिकेट जारी किए**
- **एक मार्च से अब तक राजस्थान में रिकॉर्ड 919 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स व अन्य अवैध सामग्रियां जब्त की**

गुप्ता ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सेल्फी बूथ बनाए गए। युवाओं और महिलाओं सहित सभी आयुवर्ग के मतदाताओं में सेल्फी का क्रेज रहा। दोनों चरणों में 32,604 मतदाताओं ने मतदान करने के बाद सेल्फी ली और सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इसके साथ ही युवा मतदाताओं ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड की। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं सहित अन्य मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर प्रमाण-पत्र भी दिए गए।

गुप्ता ने बताया कि चुनाव में धन-बल का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रदेशभर में 1 मार्च से अब तक 919.02 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स सहित अन्य अवैध सामग्री जब्ती की गई है। लोकसभा आम चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक 820.89 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी सहित अन्य अवैध सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप प्रदेशभर में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 6,400 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से सही पाई गई सभी 3,504 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधु के नेतृत्व में बेहतर कार्य योजना, तकनीकी नवाचारों और गहन मॉनिटरिंग के फलस्वरूप मतदान निर्बाध और सुचारू ढंग से सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और समावेशी चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए पडौसी राज्यों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों सहित विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ व्यापक और नियमित रूप से स्थिति एवं चुनाव सम्बंधी तैयारियों की समीक्षा की थी।



भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल पहुंचकर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की कुशलक्षेम जानी और भगवान से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# सुप्रीम कोर्ट से ट्रेनी एस.आई. सहित 12 आरोपियों को नहीं मिली राहत

- **अदालत ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया जिसमें हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी**

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल सहित 12 आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने हाईकोर्ट को कहा है कि वह तय तारीख पर एक मई को मामले की सुनवाई करे। एसएलपी में आरोपियों ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपियों को रिहा करने वाले मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

आरोपियों की ओर से एसएलपी में कहा गया कि कहा कि एसओजी ने हाईकोर्ट से तथ्य छिपाए हैं। आरोपियों के रिलीज आर्डर बन गए थे और हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है। राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई में समय लगेगा, इसलिए हाईकोर्ट के 15 अप्रैल के आदेश पर रोक लगाकर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जवाब में राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि आरोपी हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ आए हैं, मामला हाईकोर्ट में पेंडिंग है और वहां पर सुनवाई होनी है। वहीं सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को सशर्त रिहा करने का निर्देश दिया है जो गलत है।

सीएमएम कोर्ट ने ही पहले आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा था। यदि वे अवैध हिरासत में थे तो उसी समय उनकी रिहाई करनी चाहिए थी। यदि एक बार रिमांड दिया है तो फिर आरोपियों को जमानत अर्जी पर ही रिहा किया जा सकता है। इसलिए आरोपियों की एसएलपी खारिज की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर हाईकोर्ट को एसओजी की याचिका में सुनवाई पूरी कर फैसला देने के लिए कहा।



तीन दिन की तेज गर्मी के बाद शुक्रवार शाम को राजधानी जयपुर में अचानक तेज आंधी आई। इसके बाद हुई हल्की बरसात से गर्मी में कुछ राहत मिली।

# राजस्व विभाग लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : सुधांश पंत

- **'ईज ऑफ लिविंग में योगदान कर आम नागरिक के जीवन को बनाएं आसान'**

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्व विभाग राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग होने के साथ ही आम नागरिक से सीधा जुड़ाव रखता है। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व विभाग से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों को ईज ऑफ लिविंग की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि गाँवों में शहरों की अपेक्षा राजस्व सम्बन्धी मामलों की अधिकता रहती है। ऐसे में हमें इस दिशा में बेहतर कार्य कर आम नागरिक को राहत दिलाने का पुरजोर प्रयास करना चाहिए। मुख्य सचिव ने यह बात शासन सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों की समय-समय पर सघन मॉनिटरिंग की जाये और इनकी प्रगति में आ रही समस्याओं का विश्लेषण कर उनका निस्तारण किया जाये।

पंत ने विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती और विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं योजनाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की सभी स्तर पर माइक्रो मॉनिटरिंग करें और लंबित प्रकरणों पर प्रमुखता से कार्य कर उनके निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने विभाग में नवाचारों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। विभाग के विशिष्ट शासन सचिव नरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 'सफाई कर्मचारी भर्ती जारी रखें'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों में 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्त में भर्ती प्रक्रिया के बीच में किए बदलाव को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की छूट दी है। हालांकि अदालत ने भर्ती को याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि भर्ती में याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित नहीं होने चाहिए। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई 28 मई को तय की है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश उदय सिंह यादव सहित करीब ढाई दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाओं में अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर 15 मार्च 2024 की पात्रता शर्तो को चुनौती देते हुए कहा कि राज्य सरकार की स्थानीय निकायों में एक मार्च 2024 को निकाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में लाखों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया।

### हथियारों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत मालपुरा गेट पुलिस ने कार्रवाई करे हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल,दो मैगजीन,दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करे हुए सचिन कुमार जाट निवासी खेतड़ी जिला झुंझुनू को थाना इलाके में स्थित रीको कांटा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल,दो मैगजीन, दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश जब्त किया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### 'तीन तलाक' का मामला दर्ज

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में एक पति द्वारा पत्नी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर निवासी 25 साल की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि साल 2019 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति उससे मारपीट करता था। कुछ समय पहले आरोपी पति ने मारपीट कर उसे घर से भी निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने माता-पिता के साथ पीहर में रख रही है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने माता-पिता के साथ ससुराल आई थी। परिजनों ने पति को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पति और उसके भाई ने उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसके पति ने सभी के सामने मारपीट कर तीन पर तलाक-तलाक-तलाक बोला और कहा कि आज से तेरा-मेरा कोई रिश्ता नहीं है। तू अब जानवर की तरह सड़।

### मुनाफे का लालच देकर 6 लाख रु. ठगे

**जयपुर।** विद्याधर नगर इलाके में एक कम्पनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर एक युवक से 6 लाख रुपए ठगने मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मंदिर मोड विद्याधर नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि अमर चंद, मोहित पचार और उनके साथियों ने उसे नेक्शा एवरग्रीन कम्पनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इस पर पीडित ने अपने खाते पर लोन लेकर 6 लाख रुपए कम्पनी में निवेश कर दिए। लेकिन इसके बाद यह कम्पनी बंद हो गई।

### सभी 25 सीटें जीतेगी भाजपाः मुख्यमंत्री

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर आमजन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का मतदान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत और मजबूत नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के दृढ़ विश्वास को दिखा रहा है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सभी 25 लोकसभा सीटें पर जीत की हैट्रिक का इतिहास बनाएगी।

### 'पॉलिसी का शीघ्र कराएं नवीनीकरण'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में जिन परिवारों की पॉलिसी वैद्यता अवधि 30 अप्रैल समाप्त हो रही है, वे परिवार शीघ्र पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही उन्हें 1 मई, 2024 से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा।

# गौरव सिंह, विनोद व गिरिराज प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

## मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एन.ओ.सी. का मामला

**जयपुर।** अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओजी जारी करने के मामले में जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की ओर से गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इन आरोपियों से अंग तस्करी और प्रत्यारोपण को लेकर पूछताछ करेगी।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका ने बताया कि शुक्रवार को एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के को-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जयपुर पुलिस ने जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम से लाए गए अंग डोनर और रिसीवर से पूछताछ में कई अहम जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस जानकारी की तस्दीक की जा रही है। आगामी समय में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

गौरतलब है कि जयपुर पुलि ने गुरूग्राम से प्रोडेक्शन वारंट पर चार आरोपी नुरुल इस्लाम, मेहंदी हसन, मोहम्मद अहसानुल और मोहम्मद आज़ाद हुसैन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनसे मामले में लिप्त निजी अस्पतालों, डॉक्टर्स और दलालों के बारे पूछताछ की थी।

# 71 लाख रु. लूटने वाले बदमाशों को जेल भेजा

**जयपुर।** मुहाना इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को पकड़ा था, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ते ही ऑपरेशन लगड़ा के तहत तीनों की टांगे तोड़ दी। इससे बदमाश अब ठीक तरीके से चल नहीं पा रहे है। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। 29 अप्रेल को पुलिस आरोपियों की शिनाख्त परेड़ करवाएगी। इसके बाद पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड में लेगी।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जब आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो भागने के दौरान पत्थरों पर गिरने से बदमाश चोटिल हो गए। जबकि जहां पर बदमाशों का पकड़ा गया है वहां पर इस तरह का घटनाक्रम होना सामने नहीं आया है। ना हीं रिंग रोड पर लाखना पुलिया के पास ऐसी जगह है जहां पर इस प्रकार की घटना हो जाएगा।

# 15 लाख रु.लूट मामले में 20 लोगों से पूछताछ

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बुधवार को ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर 15 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस पिछले दो दिन में 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अभी तक पुलिस को लुटेरों का कोई क्लू नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि लूट के मामले में बड़ी संख्या में लोगों को पकड़कर पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में संदिग्ध कई लोगों से लगातार पूछताछ जारी है। मामले में शहरभर के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। गौरतलब है कि युधिष्ठिर मार्ग पर डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में घुसकर बदमाशों ने दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है। जो कलेक्शन के लिए बनाया गया है। दरअसल, इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस चलते हैं। दोनों बदमाशों ने केसी चौधरी के ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। डरा धमका कर बदमाशों ने दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकाली। लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए।



**राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार ट्रैफिक टेल्स ग्राफिक नोवल भेंट किया गया। मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथा-रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।**

# श्री अन्नपूर्णा रसोईयों में होगा गीले-सूखे कचरे का सेग्रीगेशन

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा गीले व सूखे कचरे के सेग्रीगेशन के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई से इसकी शुरूआत की गई। श्री अन्नपूर्णा रसोई में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार द्वारा हूपर में अलग-अलग डाला गया।

अतिरिक्त आयुक्त ने आमजन से अपील की कि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें तथा उसकी कम्पोंस्टिग के भी आवश्यक रूप से प्रयास किये जाये। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की सभी श्री अन्नपूर्णा रसोई में नीले व हरे रंग के डस्टबिन रखवाये गये है जिससे गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा सके तथा उन्हें पृथक-पृथक कर हूपर में डाला जाये।